
# अपने बच्चे के अध्ययन को आंकलन, मूल्यांकन और प्रतिवेदन (रिपोर्टिंग) के माध्यम से समर्थन देना

आंकलन ओर मूल्यांकन का उद्देश्य है छात्र अध्ययन को सुधारना।







# स्कूल वर्ष 2010-11 के शुरू से, Ontario (ओन्टारियो) के छात्र नई और बेहतर प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड घर लाएंगे। यह बदलाव *Growing Success* (ग्रोइंग सक्सेस) (प्रगतिशील सफलता) का एक हिस्सा है, जो छात्र उपलब्धि के आंकलन (असेस्मेन्ट), मूल्यांकन (इवैल्यूऐशन) और प्रतिवेदन (रिपोर्टिंग) पर सरकार की आधुनिक नीति है।

## एक माता/पिता के रूप में मेरी क्या भूमिका है?

हम जानते हैं कि आप, एक माता/पिता या संरक्षक के रूप में, अपने बच्चे की शिक्षा में महत्वपूर्ण सहयोगी हैं और बच्चे स्कूल में ज्यादा अच्छा करते हैं जब उनके माता-पिता शामिल होते हैं।

हम जानते हैं कि आप इस बारे में स्पष्ट, अर्थपूर्ण और समझ आने वाली जानकारी चाहते हैं कि आपका बच्चा स्कूल में कैसे कर रहा है। हम जानते हैं कि आप अपने बच्चे के शिक्षक से पूरे स्कूल वर्ष के दौरान नियमित रूप से जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं। यह नीति - अपनी नई रिपोर्ट कार्डों के साथ - ऐसा होने में सहायता करेगी।

## प्राथमिक छात्रों के लिए क्या भिन्न है?

इस स्कूल वर्ष से शुरू होकर, ग्रेड 1 से 8 के प्राथमिक छात्र एक नई फाल (पतझड में मिलने वाली) प्रगति की रिपोर्ट कार्ड और दो संशोधित प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड, एक सर्दियों में और एक स्कूल वर्ष के अंत में, घर लाएँगे।

नई फाल <u>(पतझड में मिलने वाली) प्रगति की रिपोर्ट कार्ड</u>:

- आपके और आपके बच्चे के शिक्षक के बीच जल्दी और लगातार सम्पर्क को प्रोत्साहित करती है
- आपको बताती है कि आपका बच्चा अध्ययन की कुशलताओं और काम करने की आदतों का विकास कितनी अच्छी तरह से कर रहा है, जो हम जानते हैं सफलता के लिए आवश्यक हैं
- सभी शैक्षिक विषयों पर सूचना देना जारी रखती है - जैसे कि भाषा, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और टेक्नोलोजी - पर कोई ग्रेड या अंक निर्धारित करने की जगह, यह बताएगी कि आपका बच्चा कितनी अच्छी तरह प्रगति कर रहा है: "बहुत अच्छा", "अच्छा" या "कठिनाई के साथ"
- ताकतों और सुधार करने वाले क्षेत्रों को मूल्यांकन पूरे होने से पहले विशिष्ट रूप से दिखाती है
- आपके बच्चे के शिक्षक की टिप्पणियाँ, जो व्यक्तिगत, स्पष्ट और अर्थपूर्ण हैं, उन्हें शामिल करती है।

सुधारी गई <u>प्राथमिक प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड</u>ः

- अध्ययन की कुशलताओं और काम करने की आदतों को महत्व भी देती है और उसके उदाहरण भी प्रदान करती
- शिक्षकों के लिए प्रयाप्त जगह भी है ताकि वह अर्थपूर्ण, स्पष्ट और व्यक्तिगत टिप्पणियाँ जोड़ सकें जिससे आपको यह समझ आ सके कि आपका बच्चा कैसे प्रगति कर रहा है
- ग्रेड 1-6 के लिए अक्षर श्रेणियों (ग्रेडों) का और ग्रेड 7-8 के लिए प्रतिशत अंकों का प्रयोग करती है जिससे आपको स्पष्ट रूप से समझ आ सके कि आपका बच्चा कितना अच्छा कर रहा है
- इस बारे में सुझाव प्रदान करती है कि आप घर पर अपने बच्चे के अध्ययन को कैसे समर्थन दे सकते हैं।

## मेरा बच्चा यह प्राथमिक प्रांतीय (elementary provincial) रिपोर्ट कार्ड घर कब लाएगा?

प्राथमिक कक्षाओं के लिए तीन औपचारिक और आवश्यक प्रतिवेदन (रिपोर्टिंग) अवधियाँ हैं।

1. नई फाल (पतझड में मिलने वाली) प्रगति की रिपोर्ट कार्ड अक्टूबर 20 और नवम्बर 20 के बीच जारी की जाएगी।
2. पहली प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड जनवरी 20 और फरवरी 20 के बीच जारी की जाएगी।
3. दूसरी प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड स्कूल वर्ष के अंत में जारी की जाएगी।

पक्की तिथियाँ व्यक्तिगत स्कूल बोर्डों द्वारा तय की जाती हैं।

## क्या माध्यमिक प्रांतीय (secondary provincial) रिपोर्ट कार्ड बदल गई हैं?

हाँ। माध्यमिक प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड के सुधारों में शामिल हैंः

- उदाहरणों के साथ, आवश्यक अध्ययन की कुशलताओं और काम करने की आदतों पर ज्यादा महत्व
- उपलब्धियों के विभिन्न स्तर और यह किस प्रकार प्रतिशत अंकों के अनुकूल है, इसके बारे में अधिक जानकारी
- शिक्षकों की टिप्पणियाँ जो व्यक्तिगत, स्पष्ट और अर्थपूर्ण हैं।

### आवश्यक अध्ययन की कुशलताएँ और काम करने की आदतें

ऐसी छः अध्ययन की कुशलताएँ और काम करने की आदतें हैं जिनको अब लगातार ग्रेड 1 से 12 तक की सभी Ontario (ओन्टारियो) की रिपोर्ट कार्डों में महत्व दिया जाता हैः

- जिम्मेदारी
- व्यवस्थापन
- आत्मनिर्भरता (स्वतंत्रता) से काम
- सहयोग
- पहल
- आत्म नियमन

Ontario Ministry of Education

# Elementary Progress Report Card

[Board logo]

**Date:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Student: | | OEN: | Days Absent: | Total Days Absent: |
| Grade: | Teacher: | | Times Late: | Total Times Late: |

| | | |
|---|---|---|
| Board: | School: | |
| Address: | Address: | |
| | Principal: | Telephone: |

[Space for Board Information]

1

खुला स्थान जहाँ प्रत्येक स्कूल बोर्ड अपने उपयोग के लिए अपनी रुचि के अनुसार बना सकता है। विभिन्न प्रकार की जानकारी जो जोड़ी जा सकती है उसमें शामिल है, बोर्ड का दृष्टि बयान, लक्ष्य या शैक्षिक उद्देश्य।

**Learning Skills and Work Habits**

E – Excellent G – Good S – Satisfactory N – Needs Improvement

**Responsibility**
- Fulfils responsibilities and commitments within the learning environment.
- Completes and submits class work, homework, and assignments according to agreed-upon timelines.
- Takes responsibility for and manages own behaviour.

**Organization**
- Devises and follows a plan and process for completing work and tasks.
- Establishes priorities and manages time to complete tasks and achieve goals.
- Identifies, gathers, evaluates, and uses information, technology, and resources to complete tasks.

**Independent Work**
- Independently monitors, assesses, and revises plans to complete tasks and meet goals.
- Uses class time appropriately to complete tasks.
- Follows instructions with minimal supervision.

**Collaboration**
- Accepts various roles and an equitable share of work in a group.
- Responds positively to the ideas, opinions, values, and traditions of others.
- Builds healthy peer-to-peer relationships in person and through personal and media-assisted interactions.
- Works with others to resolve conflicts and build consensus to achieve group goals.
- Shares information, resources, and expertise, and promotes critical thinking to solve problems and make decisions.

**Initiative**
- Looks for and acts on new ideas and opportunities for learning.
- Demonstrates the capacity for innovation and a willingness to take risks.
- Demonstrates curiosity and interest in learning.
- Approaches new tasks with a positive attitude.
- Recognizes and advocates appropriately for the rights of self and others.

**Self-Regulation**
- Sets own individual goals and monitors progress towards achieving them.
- Seeks clarification or assistance when needed.
- Assesses and reflects critically on own strengths, needs, and interests.
- Identifies learning opportunities, choices, and strategies to meet personal needs and achieve goals.
- Perseveres and makes an effort when responding to challenges.

**Strengths/Next Steps for Improvement**

3

ताकतें/सुधार के लिए अगले कदम : शिक्षक व्यक्तिगत और आसानी से समझ आने वाली टिप्पणियाँ जोड़ेंगे जो उन छः अध्ययन की कुशलताओं और काम करने की आदतों में छात्र के विकास का वर्णन करती हैं।

83-0465E (2010/01) © Queen's Printer for Ontario, 2010 **Grades 1–6** Page 1 of 2

2

पंक्ति जहाँ शिक्षक एक अक्षर चिन्ह जोड़ेंगे, छः अध्ययन की कुशलताओं और काम करने की आदतों में छात्र विकास की जानकारी देने के लिए:

E – excellent (उत्कृष्ट)
G – good (अच्छा)
S – satisfactory (संतोषजनक)
N – needs improvement (सुधार की जरूरत है)

Student: OEN: Grade:

**ESL/ELD**– Achievement is based on expectations modified from the curriculum expectations for the grade to support English language learning needs.

**IEP**– Individual Education Plan
**NA** – No instruction for subject/strand

| Subjects | Progressing With Difficulty | Progressing Well | Progressing Very Well | Strengths/Next Steps for Improvement |
|---|---|---|---|---|
| **Language** Reading, Writing, Oral Communication, Media Literacy ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ NA | | | | |
| **French** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ NA ☐ Core ☐ Immersion ☐ Extended | | | | |
| **Native Language** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ NA | | | | |
| **Mathematics** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ French | | | | |
| **Science and Technology** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ French | | | | |
| **Social Studies** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ French | | | | |
| Health and Physical Education: **Health Education** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ French | | | | |
| Health and Physical Education: **Physical Education** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ French | | | | |
| The Arts: **Dance** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ French ☐ NA | | | | |
| The Arts: **Drama** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ French ☐ NA | | | | |
| The Arts: **Music** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ French ☐ NA | | | | |
| The Arts: **Visual Arts** ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ French ☐ NA | | | | |
| ☐ ESL/ELD ☐ IEP ☐ French ☐ NA | | | | |

5

ताकतें/सुधार के लिए अगले कदम : इस बारे में शिक्षक की टिप्पणी कि छात्र आज की तारीख तक विषयों की पाठ्यक्रम की उम्मीदों को पूरा करने में, महत्वपूर्ण ताकतों को, कठिनाई वाले क्षेत्रों को और सुधार के लिए अगले कदमों को पहचानने में किस प्रकार प्रगति कर रहा है।

**To Parents/Guardians and Students:** This copy of the progress report card should be retained for reference. The original or an exact copy has been placed in the student's Ontario Student Record (OSR) folder and will be retained for five years after the student leaves school.

Teacher's Signature X Principal's Signature X

*[Space Designated for Board]*

6

खुला स्थान जहाँ प्रत्येक स्कूल बोर्ड अपने उपयोग के लिए अपनी रुचि के अनुसार बना सकता है। जानकारी/उपयोगों के उदाहरणों में शामिल है अतिरिक्त टिप्पणियाँ प्रदान करना, छात्र या माता/पिता साक्षात्कार का अनुरोध करना, अगले कदमों की रूपरेखा बनाना और स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी बांटना।

83-0465E (2010/01) © Queen's Printer for Ontario, 2010 **Grades 1–6** Page 2 of 2

4

पंक्तियाँ जहाँ शिक्षक किसी एक डिब्बे में निशान लगाते हैं यह जानकारी देने के लिए कि एक छात्र किसी विशेष विषय में "कठिनाई के साथ", "अच्छा" या "बहुत अच्छा" कर रहा है, उदाहरण के लिए गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भाषा, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा।

## माध्यमिक छात्र प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड घर कब लाएँगे?

पहले के जैसे, अर्ध-वार्षिक पाठ्यक्रम वाले स्कूल हर अर्ध-वर्ष में दो बार रिपोर्ट कार्ड घर भेजेंगे। गैर अर्ध-वार्षिक पाठ्यक्रम वाले स्कूल हर साल में तीन बार रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे।

पक्की तिथियाँ व्यक्तिगत स्कूल बोर्डों द्वारा तय की जाती हैं।

## क्या शिक्षकों की टिप्पणियाँ समझने में आसान होंगी?

हाँ। सभी नई रिपोर्ट कार्डों में अब शिक्षकों के लिए ज्यादा जगह शामिल है, इस बारे में टिप्पणियाँ जोड़ने के लिए कि आपका बच्चा क्या जानता है और क्या कर सकता है। वह इस जगह को ताकतों और सुधार के लिए अगले कदमों का विवरण देने के लिए और अपने प्रेक्षणों और निजी टिप्पणियों को जोड़ने के लिए प्रयोग कर सकते हैं।

## क्या मैं अपने बच्चे के शिक्षक से अन्य समयों पर सम्पर्क प्राप्त कर सकूँगा?

आपको अपने बच्चे के शिक्षक के साथ पूरे स्कूल वर्ष के दौरान नियमित रूप से जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। रिपोर्ट कार्डों के अतिरिक्त, अन्य प्रकार के सम्पर्कों में शामिल है माता/पिता-शिक्षक या माता/पिता-छात्र-शिक्षक सम्मेलन, साक्षात्कार, फोन काल, जाँच सूचियाँ और अनौपचारिक रिपोर्टें।

शिक्षक मेरे बच्चे की श्रेणियाँ (ग्रेड) कैसे निर्धारित करते हैं?
शिक्षक कार्यों, परीक्षाओं, इम्तिहानों, प्रदर्शनों और परियोजनाओं को देखते हैं, यह प्रमाण पाने के लिए कि आपका बच्चा पाठ्यक्रम सीख रहा है।

इस सीखने का मतलब सिर्फ तथ्यों को जानने से ज्यादा है। छात्रों को, जो उन्होंने सीखा है उसे व्यक्त करके और उसका प्रयोग करके, इस बात की समझ भी दिखानी होगी कि वह क्या पढ़ रहे हैं। उन्हें आलोचनात्मक सोच और समस्या को सुलझाने की कुशलताओं का भी प्रदर्शन करना होगा।

एक पढ़ाई के यूनिट, अवधि या अर्ध-वर्ष के अंत में सारे काम की समीक्षा की जाती है जिसमें काम की उत्कृष्टता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शिक्षक केवल औसत का हिसाब नहीं लगाते। परीक्षाओं और कार्यों को देखने के साथ-साथ, वह कक्षा में आपके बच्चे से बात करते हैं और उसे ध्यान से देखते हैं ताकि अंतिम श्रेणी (ग्रेड) के बारे में निर्णय लेने से पहले जितनी मुमकिन हो उतनी जानकारी एकत्रित कर सकें।

## गृहकार्य का प्रयोग किस लिए होता है?

लगातार दिया गया गृहकार्य पढ़ाई और व्यवस्थापन की कुशलताओं को विकसित करने के लिए, ज्ञान को संगठित करने के लिए और अगली कक्षा की तैयारी करने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह मज़बूत अध्ययन की कुशलताओं और काम करने की आदतों को विकसित करने में भी सहायता करता है, जो प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड में प्रतिबिंबित होती हैं।

## मेरे बच्चे की ग्रेड 1 से 8 की प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड में "R" का क्या मतलब है?

"R" का मतलब है कि व्यापक सुधार की ज़रूरत है क्योंकि विषय की कुशलताएँ और ज्ञान की आवश्यकताएँ पूरी नहीं हुईं। अपने बच्चे के शिक्षक के साथ मिलकर काम करके ऐसी कूट नितियाँ विकसित करना ज़रूरी है जो आपके बच्चे को आवश्यक ज्ञान और कुशलताएँ प्राप्त करने में समर्थन दे सकें।

## मेरे बच्चे की ग्रेड 1 से 10 की प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड में "I" का क्या मतलब है?

"I" का मतलब है कि शिक्षक के पास पर्याप्त जानकारी नहीं थी जिससे वह एक ग्रेड या अंक निर्धारित कर सके। उदाहरण के लिए, यह तब हो सकता है जब आपके बच्चे ने हाल में स्कूल बदला है या वह लम्बे समय के लिये बीमार हुआ था।

## क्या धोखाधड़ी और साहित्यिक चोरी करने के परिणाम हैं?

हाँ। नवीनतम आंकलन नीति यह स्पष्ट करती है कि छात्र अपने काम के लिए जिम्मेदार हैं। धोखाधड़ी, साहित्यिक चोरी और काम पूरा ना करने के परिणाम होंगे, जिनमें शून्य का अंक मिलना शामिल हो सकता है। अपने स्कूल बोर्ड से धोखाधड़ी या साहित्यिक चोरी की उनकी नीति के बारे में पूछ लीजिए।

## क्या काम पूरा ना करने या देर से काम देने के परिणाम हैं?

आपका बच्चा या बच्ची यह दिखाने के लिए जिम्मेदार हैं कि उसने अपने शिक्षक द्वारा दी गई समय सीमा में क्या सीखा है या क्या प्राप्त किया है।

Ontario (ओन्टारियो) की नीति कई कूट नितियाँ सूचीबद्ध करती है जिनका शिक्षक, देर से दिए गए और छोडे गए कार्यों की रोकथाम और उन्हें संबोधित करने के लिए प्रयोग कर सकते हैं। विकल्प, समकक्ष व्यक्ति से पढ़ने और समय प्रबंधक पाठों की पेशकश से लेकर स्कूल-भर के प्रमुख कार्यों की योजना बनाने तक विस्तृत हैं।

सभी श्रेणियों (ग्रेडों) में, अगर आपका बच्चा लगातार कार्यों को छोड़ता है या देर से कार्य देता है, तो यह रिपोर्ट कार्ड के Learning Skills and Work Habits (अध्ययन की कुशलताओं और काम करने की आदतों) के विभाग में प्रतिबिंबित हो सकता है। ग्रेड 7 से 12 के छात्रों के अंक भी काटे जा सकते हैं।

अपने स्कूल से उसकी देर से कार्य देने या छोडे गए कार्यों की नीति के बारे में पूछिए।

## क्या Ontario (ओन्टारियो) की शिक्षा के मानक बदल गए हैं?

नहीं। Ontario (ओन्टारियो) का पाठ्यक्रम स्पष्ट रूप से दिखाता है कि छात्रों से सभी विषयों और पाठ्यक्रमों में क्या पता होने की और कर पाने की उम्मीद की जाती है। हर छात्र का समान उच्च प्रांतीय मानकों के सम्मुख आंकलन और मूल्यांकन किया जाता है।

## अध्ययन की कुशलताओं और काम करने की आदतों को ज्यादा विशिष्टता और महत्व क्यों दिया जा रहा है?

शोध दिखाती है कि छात्रों को माध्यमिक के बाद (post secondary) की शिक्षा में और काम की दुनिया में सफल होने के लिए केवल तथ्यों से कुछ ज्यादा सीखने की ज़रूरत है।

Ontario (ओन्टारियो) के छात्र पहल करना, स्वतंत्रता से कार्य करना, आत्मनिर्भर होना और समूह में काम करना भी सीख रहे हैं। स्कूल आलोचनात्मक सोच और समस्याओं को सुलझाने की कुशलताएँ सिखा रहे हैं, ताकि आपके बच्चे को नई ज्ञान की अर्थव्यवस्था में नौकरियों और विकास के हर अवसर को हासिल करने की क्षमता प्राप्त हो सके।

## सरकार ने एक नई आंकलन, मूल्यांकन और प्रतिवेदन (रिपोर्टिंग) की नीति क्यों प्रस्तुत की?

आंकलन, मूल्यांकन और प्रतिवेदन (रिपोर्टिंग) का उद्देश्य छात्र अध्ययन को सुधारना है। नई पद्धतियाँ शिक्षकों को छात्रों के फायदे के लिए नई चुनौतियाँ और नए अवसर प्रस्तुत करती हैं। इस नए ज्ञान को प्रतिबिंबित करते हुए, *Growing Success* (ग्रोइंग सक्सेस) (प्रगतिशील सफलता) उन सबसे अच्छे व्यवहारों ओर तकनीकियों का नवीनीकरण और स्पष्टीकरण करती है जिनका प्रयोग शिक्षक जानकारी एकत्रित करने के लिए और उसे माता-पिता और छात्रों के साथ बांटने के लिए करते हैं।

### बुनियादी सिद्धांत

Ontario (ओन्टारियो) के शिक्षक आंकलन ओर मूल्यांकन के ऐसे व्यवहार और प्रक्रियाएँ प्रयोग करते हैं जो:

- निष्पक्ष, निष्कपट और यथार्थ हैं
- सभी छात्रों को समर्थन देती हैं
- ध्यान से नियोजित की गई हैं
- स्कूल वर्ष के शुरू में स्पष्ट रूप से छात्रों और माता-पिता को समझाई गई हैं
- लगातार चलती हैं और विभिन्न प्रकार की हैं, और छात्रों को अपने अध्ययन को प्रदर्शित करने के विविध अवसर प्रदान करती हैं
- ऐसी प्रतिपुष्टि को शामिल करती हैं जो स्पष्ट, अर्थपूर्ण और ठीक समय पर दी गई है
- छात्रों को स्वतंत्र रूप से सीखने वाला बनाने में सहायता करती हैं।

अधिक जानकारी के लिए, और *Growing Success* (ग्रोइंग सक्सेस) (प्रगतिशील सफलता) को सम्पूर्णता से देखने के लिए, Ministry of Education (शिक्षा मंत्रालय) की वेबसाइट पर ontario.ca/EDUparents पर जाएँ।

Printed on recycled paper • ISBN 978-1-4435-4349-1 (Print) • ISBN 978-1-4435-4350-7 (PDF) • © Queen's Printer for Ontario, 2010